दिनांक 13.02.2026 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

निगम आयुक्त ने किया जोन–5 का औचक निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आज जोन–5 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उद्यानों के संधारण, वाटर एटीएम की स्थिति और प्रस्तावित निर्माण कार्यों का जायजा लिया। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े सभी प्रस्तावित कार्य समय–सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ प्रारंभ किए जाएं। आयुक्त ने सेक्टर 6 एच ए सी एल उद्यान का अवलोकन करते हुए पेवर ब्लॉक के संधारण, मिट्टी के समतलीकरण के निर्देश दिए। साथ ही, सुरक्षा की दृष्टि से झुकी हुई वृक्षों की डालियों की छंटाई के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं वन विभाग से अनुमति लेकर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। सड़क 85–86 स्थित वाटर एटीएम के निरीक्षण के दौरान इसे सुचारू पाया गया। आयुक्त ने कहा कि ग्रीष्मऋतु के आगमन से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों को निरंतर शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की सुविधा मिलती रहे। सेक्टर–6 में विधायक निधि से स्वीकृत राशि से भवन निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। आयुक्त ने उप–अभियंता को नियमानुसार तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर, उप अभियंता शंकर सुवन मरकाम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे, स्वच्छता निरीक्षक एवं संबंधित सुपरवाइजर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।